web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 18 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 321

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

कोलकाता डॉक्टर की रेप-हत्या

देशभर में डॉक्टरों की हड़ताल जारी, आईएमए ने रखी 5 मांगें

नईदिल्ली | आरएनएस

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या कांड के विरोध में आज देशभर के अस्पतालों में हड़ताल जारी है।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने घटना के विरोध में आज सुबह 6 बजे से लेकर 24 घंटे तक देशव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया है।इस दौरान सभी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी तरह के कामकाज बंद रहेंगे।आईएमए ने सरकार के सामने 5 मांगे भी रखी हैं।

हड़ताल का असर पूरे देश के अस्पतालों में देखने को मिल रहा है।केरल के तिरुवनंतपुरम जनरल अस्पताल से लेकर पटना और दिल्ली एम्स में भी कामकाज प्रभावित हुआ है।मुंबई के सिऑन अस्पताल में एक मरीज के रिश्तेदार ने कहा, हमें दिक्कतें आ रही हैं। यहां पर भी वार्ड बंद है। कोलकाता की घटना की वजह से डॉक्टर हड़ताल पर हैं। पहले के मुक़ाबले डॉक्टरों की संख्या भी कम है।

आईएमए एक्शन कमेटी के डॉक्टर विनय अग्रवाल ने कहा, 17 अगस्त को सभी सरकारी और गैर-सरकारी अस्पताल के रूटीन ओपीडी, रूटीन सर्जरी, इन्वेस्टिगेशन डायग्नोस्टिक रुटीन की सेवाएं बंद रहेंगी। जनता को कोई भी समस्या न हो इसके लिए उन्हें आपातकालीन सेवाएं मिलती रहेंगी। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराना जारी रहेगा। डॉक्टर उन्हें आपातकालीन वार्ड में सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। जो मरीज अस्पताल में पहले से हैं, उनका भी इलाज जारी रहेगा।

प्रदर्शन के बीच आरजी कर अस्पताल के 43 डॉक्टरों का तबादला कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन डॉक्टरों ने हंगामे का समर्थन किया था।अस्पताल के 190 नर्सिंग स्टाफ का भी तबादला किया गया है। 14 अगस्त की रात अस्पताल में हंगामे के बाद नर्सिंग स्टाफ भी हड़ताल पर चला गया था।डॉक्टर के संगठन यूडीएफए ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने जानबूझकर तबादले किए हैं, लेकिन इससे हमारी न्याय की मांग नहीं रुकेगी।

रेजिडेंट डॉक्टरों के कामकाज और रहने की स्थिति में बदलाव किए जाएं। 36 घंटे की ड्यूटी को कम किया जाए और आराम के लिए सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था हो।डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अधिनियम लागू किया जाए।कोलकाता मामले में एक तय समय-सीमा में निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाए।सभी अस्पतालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। एयरपोर्ट की तरह अस्पतालों में सुरक्षा प्रोटोकॉल हो।पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) बीते 3 दिनों में पीड़िता के परिवार समेत 10 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। माना जा रहा है कि कुल 30-35 लोगों के बयान दर्ज किए जा सकते हैं।सीबीआई ने अस्पताल के कुछ डॉक्टर और छात्रों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई ने वारदात की जगह पर आरोपी के साथ सीन रीक्रिएट भी किया है। अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से भी एजेंसी ने लंबी पूछताछ की है।

9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर की हत्या से पहले रेप की पुष्टि हुई। उसकी आंख, मुंह, पैर, गर्दन, हाथ, कमर और निजी अंगों पर काफी चोटें थीं।मामले में पुलिस ने अस्पताल में आने-जाने वाले एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई को मामले की जांच सौंपी गई है। सुरक्षा समेत कई मांगों को लेकर डॉक्टर हड़ताल पर बैठे हैं।

कोलकाता पुलिस ने सीबीआई को सौंपी पीड़िता की डायरी, कई पन्ने फटे; गहराया केस

कोलकाता (आरएनएस)। शहर के आर जी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या मामले की जांच अब सीबीआई को सौंप दी गई है। वहीं सीबीआई की तरफ से इस मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। इसी बीच कोलकाता पुलिस की ओर से सीबीआई को एक डायरी सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये डायरी मृतका के शव के पास से मिली थी। इस नोटबुक के कई पन्ने फटे हुए थे, जबकि कई पन्नों के चिथड़े उड़ गये थे। सूत्रों के मुताबिक आरोपी जब मृतका के साथ जबरदस्ती कर रहा था, उस समय मृतका ने काफी विरोध किया था। विरोध के दौरान ही नोटबुक के पन्ने फट गये।

कोलकाता पुलिस ने नोटबुक के फटे हुए पन्नों को सीबीआई अधिकारियों को सौंप दिया है, हालांकि जिस अधिकारी ने बताया है उसके मुताबिक अमूमन डॉक्टर्स के पास डायरी होती है जिस पर दवाइयों के नाम लिखे होते हैं। लेकिन इस डायरी के पेजों को जिस तरह से फाड़ा गया है, उसमें शक गहरा रहा है कि कहीं कुछ डायरी में लिखा तो नहीं था। लड़की के पिता ने बयान दिया है कद्ध इतने दिन बीत गये हैं अभी तक जहां उनकी बेटी काम करती थी उस डिपार्टमेंट की तरफ से ना कोई जवाब दिया गया है ना ही कोई बात कर रहा है। कुछ दिन पहले जब प्रिंसिपल संदीप घोश से पूछताछ की गई थी तो संदीप घोष ने बयान दिया था कि कोई कुछ नहीं बोलेगा कुछ जानना है तो घर पर आएं। बता दें कि कुछ देर पहले सीबीआई की टीम साल्ट लेक में पहुंची, जहां आरोपी संजय रहा करता था और उसे प्रशिक्षु डॉक्टरों के बलात्कार-हत्या में संलिप्तता के लिए 9 अगस्त को वहां से गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई के अधिकारी जघन्य अपराध से पहले और बाद में उसकी गतिविधियों के बारे में जांच कर रहे हैं। इसमें अपराध स्थल और सेमिनार हॉल से एकत्र किए गए साक्ष्य के नमूनों को फोरेंसिक विश्लेषण के लिए सीएफएसएल भेजा गया है। आरोपी संजय के कपड़े वगैरह कलेक्ट किए गए हैं और उसको सीएफएसएल भेजा गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा ऐलान : डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए बनेगी कमेटी

नईदिल्ली (आरएनएस)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने देशभऱ के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में 24 घंटे हड़ताल बुलाई है. आज देशभर के सभी डॉक्टर कामकाज बंद कर प्रदर्शन कर रहे हैं और डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं. डॉक्टरी की अपील पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है.इससे पहले दिन में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन) ने भी हड़ताल की घोषणा की थी

स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए एक कमेटी गठित करने का ऐलान किया है. मंत्रालय ने डॉक्टरों से ड्यूटी पर लौटने की आह्वान किया है. मंत्रालय ने डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से अपनी ड्यूटी पर लौटने की अपील की है. हालांकि, अभी तक डॉक्टरों की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है.

इस बीच कोलकाता रेप-हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई की टीम आरजी कर अस्पताल में जांच पड़ताल के लिए पहुंची. इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रिंसिपल और वरिष्ठ डॉक्टरों से पूछताछ की. इसके अलावा सीबीआई की टीम साल्टलेक में कोलकाता पुलिस की चौथी बटालियन की बैरक पहुंचकर वहां के अधिकारियों से भी पूछताछ की. बता दें कि टीम इस बैरक में इसलिए पहुंची कि मुख्य आरोपी संजय रॉय वारदात को अंजाम देने के बाद इसी बैरक में आकर रुका हुआ था. फिलहाल सीबीआई टीम अंदर जांच में जुटी हुई है.

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वारदात के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की थी. केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में एसोसिएशन ने डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की थी. इस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने कमेटी गठित करने का ऐलान किया है.

महत्वपूर्ण एवं खास

रूसी धरती पर यूक्रेनी कब्जे के बाद मॉस्को में भारतीय राजदूत से मिले पुतिन के सलाहकार

मॉस्को। रूस की धरती पर यूक्रेन के कब्जे के बाद क्रेमलिन में खलबली मची है। रूस यूक्रेन पर भीषण पलटवार की तैयारी कर रहा है। इससे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार एंटोन कोब्याकोव ने रूस में भारतीय राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की है। वैश्विक मंच पर इस मुलाकात कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग को और अधिक मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। एक टेलीविजन चैनल ने बृहस्पतिवार को कोब्याकोव को यह कहते हुए उद्धृत किया, ''भारत और रूस व्यापार, ऊर्जा, विज्ञान, निवेश, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण में समान स्तर पर सहयोग करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि समेकन संधि के ढांचे के भीतर परस्पर सहयोग को भी मजबूत किया जा रहा है। इसका संप्रभु बहुध्रुवीय विश्व के गठन के लिए खास महत्व है।'' चैनल के अनुसार, कोब्याकोव और कुमार के बीच वार्ता का विषय ''द्विपक्षीय संबंधों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढ़ाना'' था। गत माह पीएम मोदी ने रूस की यात्रा की थी। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी के बीच अहम मुलाकात हुई थी। इसके बाद अब इन दो अधिकारियों के बीच यूक्रेनी सेना के रूस पर कब्जे के बाद मुलाकात थे। दोनों नेताओं ने कज़ान में आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और मॉस्को में ब्रिक्स व्यापार मंच में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी पर भी चर्चा की। ये कार्यक्रम अक्टूबर 2024 के लिए निर्धारित हैं।

कांगों में आईएस के आतंकवादियों ने किया बड़ा हमला, 16 ग्रामीणों की मौत के साथ 20 का अपहरण

किन्शासा। उत्तर-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों ने घातक हमला किया है। इन हमलों में कम से कम 16 ग्रामीणों की मौत हो गई है। इसके साथ ही आतंकवादियों ने 20 अन्य लोगों का अपहरण कर लिया है। इससे पूरे गांव में हाहाकार मच गया है। एक स्थानीय नागरिक समाज समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'न्यू सिविल सोसायटी ऑफ कांगो' के समन्वयक जॉन वुल्वेरियो ने बताया कि 'एलीड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में बुधवार और शुक्रवार के बीच स्थानीय लोगों पर उस समय हमले किए, जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया, ''मृतकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि जो 20 अन्य लोग अपहृत किए गए हैं, उनकी कोई जानकारी नहीं है।

दक्षिणी लेबनान में इजरायल का बड़ा हमला, 1 महिला और 2 बच्चों सहित 10 लोगों की मौत

बेरूत

दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना ने बड़ा हमला किया है। बताया जा रहा है कि यह हमला आज तडक़े इजरायल की ओर से किया गया। इस हमले में कम से कम 10 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों की सही संख्या पता नहीं चल सकी है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

हमास के दक्षिणी इजराइल पर हमले के एक दिन बाद आठ अक्टूबर को हिजबुल्ला उग्रवादी समूह और इजराइली सेना के बीच एक-दूसरे पर हमले किये जाने के बाद से नाबातीह प्रांत के वादी अल-कफूर पर यह हमला लेबनान पर किये गये सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। हिजबुल्ला का कहना है कि जब तक गाजा पट्टी में युद्ध विराम नहीं हो जाता तब तक वह अपने हमले बंद नहीं करेगा। मंत्रालय के मुताबिक, मृतकों में एक महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इजरायली मंत्रालय के प्रवक्ता अविचय अद्री ने बताया कि दक्षिणी प्रांत में हुए इस हमले में हिजबुल्ला के हथियार डिपो को निशाना बनाया गया था। वादी अल-कफूर में बूचडख़ाना चलाने वाले मोहम्मद शोएब ने बताया कि हमला एक 'औद्योगिक और नागरिक क्षेत्र' में किया गया, जहां ईंट, धातु और एल्युमीनियम बनाने वाली फैक्टरियां और एक डेरी फार्म भी था। हिजबुल्ला ने हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। लेबनान की सरकार और कई अन्य देशों के मुख्य नेता महीनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए कई सप्ताह से प्रयास कर रहे हैं।

साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

कानपुर | आरएनएस

देश में एक के बाद एक लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। आज रात करीब 2:30 बजे उत्तर प्रदेश के कानपुर-भीमसेन खंड में गोविंदपुरी स्टेशन के पास ट्रेन संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद की ओर जा रही थी।हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। हादसे के बाद झांसी रूट बाधित हो गया है और यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे के बारे में 'एक्स' पर जानकारी दी है।उन्होंने कहा कि ट्रैक पर रखी किसी चीज से टकराने के कारण हादसा हुआ है। किसी बड़ी वस्तु के टकराने से इंजन का कैटल गार्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया और ट्रेन बेपटरी हो गई।घटनास्थल से सामने आए फोटो में भी देखा जा सकता है कि इंजन पर टकराने के निशान है और कैटलगार्ड क्षतिग्रस्त होकर इंजन के नीचे घुस गया है।

अश्विनी वैष्णव ने लिखा, 'वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस का इंजन सुबह 2:35 बजे कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। इंजन पर तीखे प्रहार के निशान पाए गए हैं। साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं। इंटेलीजेंस ब्यूरो (ढ़ढक्च) और उत्तर प्रदेश पुलिस भी इस पर काम कर रही है। यात्रियों या कर्मचारियों को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों के लिए आगे की यात्रा के लिए ट्रेन की व्यवस्था की गई है।'

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बस से कानपुर भेजा जा रहा है। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन को भी रवाना कर दिया गया है और ट्रैक पर नियमित संचालन शुरू करने की तैयारी हो रही है।रेलवे ने यात्रियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।प्रयागराज: 0532-2408128, 0532-2407353 कानपुर: 0512-2323018, 0512-2323015 मिर्जापुर: 05442220009 7 इटावा: 7525001249 टुंडला: 7392959702 अहमदाबाद: 07922113977 बनारस सिटी: 8303994411 गोरखपुर: 0551-2208088 लखनऊ: 8957024001

हादसे के बाद रेलवे ने 6 ट्रेनों को रद्द कर दिया है।01823 वीरांगना झांसी-लखनऊ 11109 वीरांगना झांसी-लखनऊ 01802/01801 कानपुर-मानिकपुर मेमू 01814/01813 कानपुर-वीरांगना झांसी 01887/01888 ग्वालियर-इटावा मेमू 01889/01890 ग्वालियर-भिण्ड मेमू3 ट्रेनों के मार्ग में किया गया परिवर्तन11110 (लखनऊ-वीरांगना झांसी) अब गोविंदपुरी, इटावा, भिण्ड, ग्वालियर के रास्ते झांसी तक चलेगी। 22537 (गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल) गोविंदपुरी, इटावा, भिण्ड, ग्वालियर और झांसी के रास्ते चलेगी। 20104 (गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल) कानपुर, इटावा, भिण्ड, ग्वालियर और झांसी के रास्ते मुंबई तक चलेगी।

तीन साल में तीन बार गिरा सुल्तानगंज में बन रहा फोरलेन पुल

पटना | आरएनएस

बिहार में गिरते पुलों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. शनिवार की सुबह फिर से सुल्तानगंज में बन रहा फोरलेन पुल का एक हिस्सा अचानक से भरभराकर गिर गया. यह पुल पहली बार नहीं बल्कि तीसरी बार गिरा है. 1710 करोड़ की लागत से बन रहे इस फोरलेन पुल की गिरने की वजह पानी का तेज बहाव बताया जा रहा है. पुल का पिलर नंबर 9 गंगा नदी में गिरकर बह गया. यह पुल तीन सालों में तीन बार गिर चुका है. वहीं, पुल गिरने के बाद स्थानीय लोग वहां एकत्रित हो गए.

घटना पर ग्रामीणों ने बताया कि पानी के तेज बहाव के चलते अचानक पिलर नंबर 9 ढह गया और पानी में समा गया. बता दें कि 2015 में पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था. हालांकि इस हादसे में कोई हताहत की खबर सामने नहीं आई है. वहीं, पुल के गिरने के बाद से कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी मौके से फरार हो गए हैं.

आपको बता दें कि 2023 में इस पुल का पिलर नंबर 9, 10, 11 और 12 गिर गया था. 2022 में पुल का पिलर नंबर 5 ध्वस्त हो गया था. शनिवार की सुबह एक बार फिर से पुल का पिलर नंबर 9 गिर गया और जलमग्न हो गया. जिस वक्त यह हादसा हुआ, पुल पर निर्माण कार्य चल रहा था

हालांकि घटना में किसी प्रकार की कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई है. जैसे ही पुल गिरने की सूचना पुलिस और प्रशासन को मिली, वह मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया. अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि आखिर घटना की वजह क्या थी. वहीं, पुल गिरने की वजह निर्माण कार्य में लापरवाही भी बताई जा रही है. यह पुल सहरसा, खगडिय़ा और मधेपुरा को जोड़ता है.

गुरुग्राम स्थिति एंबिएंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी : पुलिस और बम निरोधक दस्ता तैनात

नईदिल्ली | आरएनएस

हरियाणा के गुरुग्राम स्थिति एंबिएंस मॉल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मॉल को अपने कब्जे में ले लिए और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।पुलिस के अनुसार, ईमेल के जरिए धमकी मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।इसी तरह नोएडा के डीएलएफ मॉल प्रशासन को भी इस तरह की धमकी मिली है, लेकिन बाद में पुलिस ने इसे मॉक ड्रिल करार दे दिया।

एंबियंस मॉल प्रबंधन को मिले ईमेल में लिखा है, 'मैंने बिल्डिंग में बम लगा दिए। बिल्डिंग के अंदर मौजूद हर व्यक्ति मारा जाएगा। आप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। आपकी मौत होनी है। मैंने बिल्डिंग में बम इसलिए लगाए क्योंकि मुझे अपनी जिंदगी से नफरत है। इस हमले के पीछे पैगी और नोरा हैं।इसी तरह का धमकी भरा ईमेल डीएलएफ मॉल के प्रबंधक को मिला था। हालांकि, बाद में इसे मॉक ड्रिल करार दे दिया गया।

मॉल प्रबंधक की सूचना पर गुरूग्राम पुलिस बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंच गई। इसी तरह फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां भी वहां पहुंच चुकी है।पुलिस ने पूरे मॉल को अपने कब्जे में ले लिया है। इसी तरह बन निरोधक दस्ता मॉल के चप्पे-चप्पे में बम की तलाश कर रहा है।इधर, पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिर धमकी भरा ईमेल किसने भेजा है और उसका इसके पीछे क्या उद्देश्य है। नोएडा के पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर 18 स्थित डीएलएफ मॉल में सुरक्षा जांच के लिए मॉक ड्रिल की गई। इसके लिए मॉल में बम की अफवाह फलाकर पुलिस और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 7.4 करोड़ लोगों को मिली फ्री चिकित्सा

नई दिल्ली | आरएनएस

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत देश में 7.37 करोड़ लोगों का इलाज हुआ है और इसके लिए सरकार ने कुल एक लाख करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ताजा आंकड़ों में ये जानकारी दी गई है।

यह योजना देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मध्य प्रदेश में 402.5 लाख, महाराष्ट्र में 280 लाख, कर्नाटक में 171.5 लाख, जम्मू और कश्मीर में 85.9 लाख, तेलंगाना में 82.5 लाख, तमिलनाडु में 73.6 लाख और मेघालय में 19.76 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

इस योजना के लाभार्थी वर्ष में किसी भी समय अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें नजदीकी सीएसई सेंटर या सूचीबद्ध अस्पताल जाना होगा। इसके अलावा आप आयुष्मान ऐप के माध्यम से भी कार्ड निकाल सकते हैं।

एबी-पीएमजेएवाई स्कीम का उद्देश्य देश के गरीबों परिवारों को 5 लाख रुपये तक का फ्री हेल्थ कवर उपलब्ध कराना है। सरकारी डेटा के अनुसार, इस योजना का लाभ भारत के निचले 40 प्रतिशत यानी 12.34 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ सदस्यों को मिल रहा है।

इस योजना के तहत लाभार्थी 29,000 सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस इलाज करा सकते हैं। कैशलेस इजाल में दवाइयां, फिजिशियन फीस, रूम चार्ज, सर्जन चार्ज, ओटी और आईसीयू चार्ज आदि को कवर किया जाता है।

हेल्थ बेनिफिट पैकेज (एचबीपी) ने नए नेशनल मास्टर के तहत यह योजना सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी आदि सहित 27 चिकित्सा विशिष्टताओं में 1949 प्रक्रियाओं से संबंधित कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की है।

बजट 2024-25 में पीएम-जेएवाई स्कीम के बजट को 10 प्रतिशत बढ़ाकर 7,300 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 6,800 करोड़ रुपये था।

वहीं, आम बजट 2024-25 में स्वास्थ्य मंत्रालय के बजट को 12.96 प्रतिशत बढ़ाकर 90,958.63 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि 2023-24 में 80,517.62 करोड़ रुपये था।

बजट में हेल्थ केयर पैकेज के अलावा कैंसर की तीन दवाइयों - ट्रैस्टुजुमैब डेरक्स्टेकन, ओसिमर्टिनिब और ड्यूरवालुमैब पर निर्यात शुल्क हटा दिया गया है। इसका उद्देश्य देश में कैंसर की दवाइयों की लागत को कम करना है।